# C

SL. No. : Q

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 58 ]
Total No. of Questions : 58 ]

**CCE PR**
**REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

यहाँ से काटिए

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ/ New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2018 ] [ Date : 28. 06. 2018

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 58 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**Tear here**

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : $9 \times 1 = 9$

1. सियारामशरण गुप्त जी के अनुसार समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?
2. बालकृष्ण का रंग कैसा था ?
3. परसाई जी दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ?
4. प्रेमचंद जी का जी क्यों ललचा उठा ?
5. दोनों दोस्त जानवरों से मिलने क्यों गये ?
6. कर्नल खुल्लर ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से क्या कहा ?
7. परसाई जी पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये ?
8. कवि के अनुसार 'जय-हिंद' का नाद कहाँ-कहाँ गूँजना चाहिए ?
9. कवि के अनुसार गोताखोर कहाँ डुबकियाँ लगाता है ?

II. 10. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| अ) पं० राजकिशोर | i) आदिवासी |
| आ) कलाम जी का बचपन | ii) सृष्टि का शृंगार |
| इ) सिंगफो | iii) देश का नाम |
| ई) आधुनिक मनुज | iv) परोपकारी |
| उ) हमारा जीवन | v) जलवासी |
| | vi) सादगी में बीता |
| | vii) पैसों से बना है |
| | viii) पल-पल से बना है । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

11. पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप : .......................

12. हैकिंग : अभिशाप : : ई-गवर्नेंस : ........................

13. गिल्लू : रेखाचित्र : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ........................

14. सक्सेना परिवार का रोबोट : रोबोनिल : : शर्मा परिवार का रोबोट : ........................

15. भोला-भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : ........................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28

16. 'कश्मीरी सेब' पाठ में लेखक पाठकों को क्या चेतावनी देते हैं ?

17. जैनुलाबदीन नमाज की प्रासंगिकता के बारे में क्या कहते थे ?

18. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से कैसी मदद मिलती है ?

19. रोबोनिल ने रोबोजीत को क्या समझाने की कोशिश की ?

20. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या सीख मिलती है ?

21. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या काम करते हैं ?

22. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

23. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

24. कृष्ण बलराम के प्रति क्यों नाराज है ?

25. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ?

26. हाथी और साँप ने दोनों दोस्तों को क्या सुझाव दिया ?

27. तुलसीदास के अनुसार संत का स्वभाव कैसे होना चाहिए ?

28. शनि ग्रह को 'शनैश्चर' क्यों कहते हैं ?

**अथवा**

टाइटन के बारे में लिखिए ।

29. झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?

**अथवा**

मीना मैडम ने अंत में छात्रों को क्या संदेश दिया ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15

30. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए ।

31. बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।

32. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

33. कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई कैसे की ?

34. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप का मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

35. 'कन्नड भाषा तथा संस्कृति के लिए कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अमूल्य है' – स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।

36. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

असफलता ............................................. ,

.......................................................... ।

........................................................... ,

............................................... भागो तुम ।

**अथवा**

मुखिया................................................ ।

...................................... सहित विवेक ।।

## खण्ड - ख

## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं । उनमें सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 10 × 1 = 10

37. निम्नलिखित शब्दों में बहुवचन है –

(A) कमरा (B) कपड़े

(C) आँख (D) दीवार ।

38. 'आदमी' शब्द का अन्य लिंग है –

(A) लड़की (B) पत्नी

(C) औरत (D) पुरुष ।

39. 'अच्छाई' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) बुराई (B) भलाई

(C) अच्छी (D) सच्चाई ।

40. निम्न में 'वृद्धि संधि' का उदाहरण है –

(A) जलाशय (B) मतैक्य

(C) इत्यादि (D) दिग्गज ।

41. निम्नलिखित शब्दों में प्रथम प्रेरणार्थक क्रियारूप है –

(A) लेखन (B) लिखावट

(C) लिखाना (D) लिखाई ।

42. निम्न में 'द्वंद्व' समास का उदाहरण है –

(A) नीलकंठ (B) देशप्रेम

(C) पंचवटी (D) दिन-रात ।

43. मोटर उसके ऊपर से निकल गई !

इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) अल्पविराम (B) उद्धरण

(C) विस्मयादिबोधक (D) पूर्णविराम ।

44. गिल्लू सुराही ......................... लेट जाता था ।

रिक्त स्थान में उचित कारक होगा –

(A) से (B) में

(C) पर (D) को ।

45. जो ईश्वर में विश्वास करता हो –

(A) आस्तिक (B) अंधविश्वासी

(C) नास्तिक (D) भगवान ।

46. 'दोस्त' का पर्यायवाची शब्द है –

(A) शत्रु (B) दुश्मन

(C) भाई (D) मित्र ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

लोभ बहुत बड़ा दुर्गुण है । यह एक असाध्य रोग है । दुःख का मूल कारण ही लोभ है । धनी आदमी अधिक धन कमाने के प्रयत्न में लोभी बन जाता है । प्राप्त धन से वह कभी भी संतुष्ट नहीं हो पाता । भूखा पेटभर खाना मिलने पर तृप्त हो जाता है । लोभी की दुराशाएँ बढ़ती ही जाती हैं, इसलिए वह हमेशा अतृप्त ही रहता है । लोभ बीमारी का लक्षण है । संतोष निरोगता का लक्षण है । इसलिए मनुष्य को लोभ छोड़कर, जो प्राप्त है उसी में संतुष्ट रहना चाहिए ।

47. धनी आदमी क्यों लोभी बनता है ?

48. भूखा आदमी कैसे तृप्त हो जाता है ?

49. लोभी हमेशा क्यों अतृप्त रहता है ?

50. मनुष्य कैसे संतुष्ट रह सकता है ?

51. 'असाध्य रोग' किसे कहा गया है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5

52. बिछेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ ।

53. मैं भीख नहीं लूँगा ।

54. रामेश्वरम् प्रसिद्ध तीर्थस्थल है ।

55. कर्नाटक राज्य भारत देश का प्रगतिशील राज्य है ।

56. शनि सौरमंडल का एक सदर ग्रह है ।

X. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय से संबंधित पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5

57. कोई कारण बताकर, तीन दिन की छुट्टी की मंजूरी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

XI. 58. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : 1 × 5 = 5

क) ग्राम सुधार

* प्रस्तावना
* आवश्यक सुविधाएँ
* सुधारने के उपाय
* उपसंहार ।

ख) इंटरनेट का महत्व

* अर्थ / व्याख्या
* उपयोग / सुविधाएँ
* दुष्परिणाम
* उपसंहार ।

ग) कर्नाटक का वैभव

* प्रस्तावना
* प्राकृतिक परिवेश
* विशेषताएँ
* उपसंहार ।